University in News on 07 September 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

अनुष्का को चांसलर, आयुष को मिलेगा चक्रवर्ती पदक

लविवि ने दीक्षांत समारोह के प्रतिष्ठित पदकों के दावेदारों के नाम घोषित किए

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले प्रतिष्ठित पदकों की अंतिम सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई। चांसलर गोल्ड मेडल एमए मनोविज्ञान की छात्रा रही अनुष्का जैन और डॉ. जीएन चक्रवर्ती गोल्ड मेडल लोक प्रशासन विभाग के विद्यार्थी रहे आयुष चौहान को दिया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट को दिया जाने वाला कुलपति स्वर्ण पदक कैडेट अंशिका तिवारी को दिया जाएगा। समारोह 16 सितंबर को होगा। लविवि के परीक्षा विभाग ने चांसलर, चक्रवर्ती और कुलपति पदक के लिए करीब एक माह पहले नाम मांगे थे।

शुक्रवार को हुई पदक समिति की बैठक में दावेदारों के साक्षात्कार के बाद इन तीनों विद्यार्थियों के नाम को स्वीकृति दी गई। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चांसलर मेडल लविवि के सभी संकायों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को, चक्रवर्ती मेडल सामाजिक कार्यों में योगदान और अच्छा व्यवहार करने वाले को, जबकि कुलपति पदक सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट को दिया जाता है। ये तीनों पदक राज्यपाल इन विद्यार्थियों को देंगी।

किस्सागोई में बनाना है कॅरिअर

मैं लविवि से मनोविज्ञान में परास्नातक की छात्रा रही हूं। साइकोलॉजी पोयट्री और स्टोरी टेलिंग की साझी विधा पर काम किया है तो इसी में रुचि है। आगे इसी में कॅरिअर बनाना है। इंस्टाग्राम पर इसी पर आधारित अकाउंट है। अच्छे फालोवर भी हैं। पिता डॉ. नीरज जैन लविवि में शिक्षक रहे हैं। मां अल्पना बाजपेई भी शिक्षक हैं। - **अनुष्का जैन,** चांसलर गोल्ड मेडल

प्रशासनिक सेवा में जाना है लक्ष्य

हबीबुल्ला छात्रावास में रहकर लोक प्रशासन विभाग से एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। सिविल की तैयारी कर रहा हूं। विवेकानंद, ध्रुवन आदि फाउंडेशन के साथ मिलकर शिक्षा, पर्यावरण, नशामुक्ति व विकसित भारत जैसे अभियानों पर काम किया है। पिता जितेंद्र सिंह जेई हैं और मां कृष्णा सिंह गृहिणी हैं। -**आयुष चौहान,** जीएन चक्रवर्ती स्वर्ण पदक

सीडीएस में चयनित होकर करनी है सेवा

विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट बनना मेरे लिए गर्व की बात है। सीडीएस में चयनित होकर देश की सेवा करनी है। अभी विश्वविद्यालय में बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की छात्रा हूं। पिता बृजेश कुमार यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं और मां शिशु सिंह गृहिणी हैं। -**अंशिका तिवारी,** कुलपति स्वर्ण पदक

ललितकला संकाय में पदक पर संशय

दीक्षांत समारोह में ललितकला संकाय में पहली बार दिए जाने वाले स्वर्ण पदक पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसका कारण संकाय में पदक के लिए प्रस्तावक की ओर से अब तक तय राशि विवि के खाते में जमा न कर पाना है।

दीक्षारंभ-दीक्षांत के साक्षी बनेंगे नए विद्यार्थी

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रो. आलोक राय ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक मालवीय सभागार के कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी दीक्षारंभ से दीक्षांत समारोह तक की यात्रा के साक्षी बनेंगे। वह नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को दीक्षा उपदेश दे रहे थे। उधर, नवीन परिसर स्थित विधि संकाय एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन हुआ। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

बीटेक और एमसीए की सौ रिक्त सीटों पर प्रवेश आज

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत बीटेक और एमसीए में सीधे प्रवेश के लिए शनिवार को काउंसलिंग होगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिसके आधार पर प्रवेश प्रक्रिया कराई जाएगी। इस संबंध में इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी फैकल्टी के डीन की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डीन प्रो. एके सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) 2024 से रिक्त रहने वाली सीटों पर एलयू ने अपने स्तर से दाखिले लेने का निर्णय लिया था। विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर आवेदन पत्र अपलोड किया गया था। अभ्यर्थियों ने सीधे प्रवेश के लिए डीन कार्यालय में आवेदन पत्र भी जमा कर दिए थे।

इस बारे में डीन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने 28 अगस्त तक आवेदन पत्र जमा किए थे। उन्हें शामिल करते हुए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिसके आधार पर शनिवार को काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। डीन के अनुसार बीटेक में 62 और एमसीए की 38 रिक्त सीटें हैं।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन जमा करनी होगी फीस

डीन प्रो. एके सिंह के मुताबिक सात सितंबर को काउंसलिंग के समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन माध्यम से फीस जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के लिए नवीन परिसर स्थित इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

बीफार्मा में प्रवेश के लिए आवेदन आज से आरंभ

बीफार्मा पाठ्यक्रम की सभी सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन की शुरुआत शनिवार से होगी। वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरे जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर तय की गई है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने यह जानकारी दी। अधिक जानकारी के लिए छात्र और छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

अनुष्का को चांसलर, अंशिका को वीसी गोल्ड

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में 67वें दीक्षांत समारोह के मद्देनजर प्रतिष्ठित पदकों के लिए नामों का ऐलान कर दिया गया है।

16 सितंबर को होने वाले दीक्षांत में एमए मनोविज्ञान की छात्रा अनुष्का जैन को चांसलर गोल्ड मेडल, एमए लोक प्रशासन के विद्यार्थी आयुष चौहान को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) से छात्रा अंशिका तिवारी को नवाजा जाएगा। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि तीनों प्रतिष्ठित पदकों के लिए पदक निर्धारण समिति ने साक्षात्कार लिए गए थे। सर्वसम्मति से नाम तय किए हैं।

■ एलयू में दीक्षांत समारोह के मद्देनजर प्रतिष्ठित पदकों की सूची जारी

एलयू से मनोविज्ञान में एमए किया है। हाईस्कूल सेंट फिडिलस और इंटरमीडिएट लॉरेटो कॉन्वेंट से किया है। कहानियां सुनाना, कविताएं लिखना और संगीत सुनना बेहद पसंद है। - **अनुष्का जैन,** चांसलर गोल्ड मेडल

बीएससी गणित और एमए लोक प्रशासन की पढ़ाई की है। पिता जितेंद्र सिंह जेई और माता कृष्णा सिंह गृहिणी हैं। अभी सिविल सेवा की तैयारी कर रहा हूं। आईएएस बनने का लक्ष्य है। - **आयुष चौहान,** चक्रवर्ती गोल्ड मेडल

गोमती नगर में रहती हूं। एलयू से बीकॉम कर रही हूं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई छत्तीसगढ़ से की है। सीडीएस की तैयारी कर रही हूं। रक्षा क्षेत्र में जाना है। पिता बृजेश कुमार तिवारी यूपी पुलिस में एसएचओ और माता शिशु तिवारी गृहिणी हैं। - **अंशिका तिवारी,** वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी)

संस्थान से मां जैसा प्यार करें: कुलपति

लखनऊ। अपने संस्थान से उसी तरह प्यार करें, जैसे एक बच्चा अपनी मां से करता है। पीजी विद्यार्थी भीड़ का अनुसरण न करें। खुद से सवाल करें कि उनका चुना हुआ पाठ्यक्रम उनके सपने को पूरा करने वाला है या नहीं। हर संस्थान की अपनी अलग संस्कृति होती है। छात्रों को फ्रेंच और जर्मन जैसी नई भाषाएं सीखनी चाहिए। विवि परिसर में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह बातें कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कही। वह एलयू के दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिन बोल रहे थे।

छात्रों को विधिक सहायता केंद्र की जानकारी दी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केंद्र की ओर से शैक्षणिक सत्र 2024-29 के लिए अभिसंस्करण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने छात्रों को सभी के लिए न्याय तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य संग काम करने की सीख दी। कानूनी सहायता केंद्र की सदस्य गरिमा भारद्वाज ने एक सप्ताह तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रमों के बारे में बताया।

i-NEXT PAGE 4

बीटेक और एमसीए में अभी 100 सीटें हैं खाली

इंजीनियरिंग संकाय ने जारी किया खाली सीटों का विवरण

LUCKNOW (6 SEP): एलयू के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय ने यूपी तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी)-2024 की काउंसिलिंग के बाद शुक्रवार को बीटेक व एमसीए कोर्स की खाली सीटों का विवरण जारी कर दिया है. एलयू में बीटेक की सभी ब्रांचों व एमसीए में निर्धारित 750 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 100 बची हैं. शनिवार को इन पर एलयू सीधे मेरिट से एडमिशन लेगा.इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि सीटवार विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https//www.lkouniv.ac.in/en/page/engineering-programmes पर अपलोड कर दिया गया है.

भीड़ का अनुसरण न करें विद्यार्थी

विद्यार्थी भीड़ का अनुसरण न करें. खुद से सवाल करें कि उनका चुना हुआ कोर्स उनके सपने को पूरा करने वाला है या नहीं. एलयू अपनी अनूठी परंपराओं के साथ विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्रों द्वारा लाए गए विविध सांस्कृतिक प्रभावों का मिश्रण प्रदान करता है. ये बातें एलयू के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने मालवीय सभागार में शुक्रवार को आयोजित कला, शिक्षा और ललित कला धाराओं से नव प्रवेशित स्टूडेंट्स के स्वागत के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्घाटन में कही. इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना व विभिन्न संकाय के डीन मौजूद रहे.

बीए की तीसरी मेरिट जारी

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने बीए की तीसरी मेरिट जारी कर दी है. चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग सात से नौ सितंबर तक होगी. फीस जमा करने का मौका भी नौ सितंबर तक दिया गया है. वही, एमएससी फिजिक्स की मेरिट भी जारी कर दी गई है. इसकी काउंसिलिंग 10 सितंबर तक चलेगी.

बीए की तीसरी मेरिट

कोर्स	कुल सीटें	खाली सीटें
बीटेक सिविल इंजीनियरिंग	75	15
बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (एआई)	150	07
बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग	225	10
बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	75	16
बीटेक इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग	75	04
बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग	75	10
एमसीए	75	38

PIONEER PAGE 3

एलयू वीसी ने किया पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज की सहायक आचार्य डॉ पारुल सिंह और डॉ सत्यम तिवारी द्वारा संपादित पुस्तक भारत की महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी (1857 से 1947) का विमोचन शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के हाथ किया गया। प्रयागराज प्रो अंशु केडिया ने बताया कि यह पुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए तृतीय सेमेस्टर में चलाये जा रहे कोकरिकुलर पाठ्यक्रम पाठ्यक्रम के अनुरूप है। पुस्तक में देश की 16 महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन और उनके योगदान का विस्तार से वर्णन किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुस्तक में बहुविकल्पीय प्रश्न भी दिये गये हैं। कुलपति ने दोनों शिक्षकों को एनईपी अनुरूप भारतीय भाषाओं में और भी किताबें लिखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लुआयटा अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय भी उपस्थित रहे।

पदकों की सूची में छात्राएं आगे, अनुष्का को मिलेगा चांसलर मेडल

लखनऊ। आगामी 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीनों तीन पदकों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची में छात्राओं के साथ ने सबसे अधिक मेडल गये हैं। तीनों तीन पदकों सूची में चांसलर गोल्ड मेडल अनुष्का जैन को मिलेगा। वहीं चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फार सर्विस 2024 आयुष चौहान को मिलेगा। साथ ही वाइस चांसलर गोल्ड मेडल कैडेट अंशिका तिवारी को मिलेगा हालांकि के दौरान विवि की तरफ से कुल 196 मेडल व बुक प्राइज अवार्ड दिये जायेंगे। विवि की तरफ से जारी सूची के अनुसार एमएसी जैन की छात्रा तैलक्षा पौरसिया को चांसलर सिल्वर मेडल व 12 गोल्ड, ब्रोंज और प्राइज बुक अवार्ड के साथ पहले स्थान पर है। एमए की छात्रा रीमा पौरसिया को 7 गोल्ड व बुक प्राइज मिलेगा। एमएसी की छात्रा वैष्णवी मिश्रा को 6 गोल्ड मेडल मिले हैं। वहीं बीए की छात्रा जूली पटेल को 6 गोल्ड मेडल व एमएससी फिजिक्स के छात्र हार्दिक गुप्ता को 6 गोल्ड मेडल मिले हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय विविध सांस्कृतिक प्रभावों का मिश्रण प्रदान करता है: प्रो. राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में दीक्षारंभ: छात्र प्रेरण कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को कला, शिक्षा और ललित कला धाराओं से नव प्रवेशित छात्रों के स्वागत के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में किया गया। मंच पर प्रो वाइस चांसलर और कला, ललित कला और शिक्षा संकायों के डीन भी मौजूद थे। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत (गान) के गायन के साथ हुई, जिसके बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने संबोधन दिया। उन्होंने छात्रों को प्रवेश पाने पर बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि वे हजारों आवेदकों में से चुने गए चुनिंदा समूह में से हैं। प्रो. आलोक कुमार राय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक शैक्षणिक यात्रा दीक्षारम्भ (प्रेरण कार्यक्रम) से शुरू होती है और दीक्षांत (दीक्षांत समारोह) में समाप्त होती है। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश से लेकर स्नातक तक की उनकी यात्रा सरल, सहज और संतुष्टिदायक होगी। उन्होंने छात्रों को पुस्तकालय में जाने और विश्वविद्यालय के समृद्ध इतिहास के बारे में जानने के लिए भी प्रोत्साहित किया, क्योंकि इससे उन्हें कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के बारे में जानने के बारे में जानने में मदद मिलेगी, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। कुलपति ने स्नातकोत्तर छात्रों से अपने शैक्षणिक विकल्पों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को फ्रेंच और जर्मन जैसी नई भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि ये सुविधाएं परिसर में उपलब्ध हैं। कुलपति ने हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी, टैगोर लाइब्रेरी के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना व विभिन्न संकाय के डीन उपस्थित रहे।

भीड़ का अनुसरण न करें विद्यार्थी : प्रो . आलोक राय

जासं • लखनऊ : 'विद्यार्थी भीड़ का अनुसरण न करें। खुद से सवाल करें कि उनका चुना हुआ पाठ्यक्रम उनके सपने को पूरा करने वाला है या नहीं। प्रत्येक संस्थान की अपनी अलग संस्कृति होती है। लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी अनूठी परंपराओं के साथ विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्रों द्वारा लाए गए विविध सांस्कृतिक प्रभावों का मिश्रण प्रदान करता है। ये बातें लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मालवीय सभागार में शुक्रवार को आयोजित कला, शिक्षा और ललित कला धाराओं से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्घाटन में कही।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रवेश पाने पर बधाई दी। इस बात पर जोर दिया कि वे हजारों आवेदकों में से चुने गए चुनिंदा समूह में से हैं। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश से लेकर स्नातक तक की उनकी यात्रा सरल, सहज और संतुष्टिदायक होगी। उन्होंने छात्रों को पुस्तकालय में जाने और विश्वविद्यालय के समृद्ध इतिहास के बारे में जानने के लिए भी प्रोत्साहित किया, क्योंकि इससे उन्हें कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के बारे में जानने के लिए भी प्रोत्साहित किया, क्योंकि ये सुविधाएं परिसर में उपलब्ध हैं। कुलपति ने हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी, टैगोर लाइब्रेरी के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना व विभिन्न संकाय के डीन उपस्थित रहे।

- लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में हुआ कला, शिक्षा एवं ललित कला के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शुक्रवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय • सोजन्य से लवि

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया पुस्तक विमोचन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कालेज की सहायक आचार्य डा. पारुल सिंह और डा. सत्यम तिवारी द्वारा संपादित किताब 'भारत की महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी (1857 से 1947)' का विमोचन किया। प्रायार्य प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि यह किताब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय में बी.ए तीसरे सेमेस्टर में चलाए जा रहे कोकरिकुलर पाठ्यक्रम के अनुरूप है। किताब में देश की 16 महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन और उनके योगदान का विस्तार से वर्णन किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा के लिए किताब में बहुविकल्पीय प्रश्न भी दिए गए हैं। कुलपति ने दोनों शिक्षकों को एनईपी अनुरूप भारतीय भाषाओं में और भी किताबें लिखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लुआयटा अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय भी उपस्थित रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

अनुष्का को चांसलर, अंशिका को वीसी गोल्ड मेडल

छात्र आयुष चौहान को मिलेगा चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फार सर्विस

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 16 सितंबर को होने वाले 67वें दीक्षा समारोह में तीन प्रतिष्ठित मेडल में चयनित मेधावियों के नाम की घोषणा शुक्रवार शाम को कर दी। इस बार चांसलर गोल्ड मेडल एम.ए. मनोविज्ञान की छात्रा अनुष्का जैन को मिलेगा। एम.ए. लोक प्रशासन के छात्र आयुष चौहान को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फार सर्विस और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) कैडेट अंशिका तिवारी को दिया जाएगा।

- लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किए तीनों प्रतिष्ठित मेडल के लिए चयनित मेधावियों के नाम

परीक्षा नियंत्रक की ओर से तीनों नाम जारी किए गए। उन्होंने बताया कि तीनों प्रतिष्ठित मेडल के लिए मेडल कमेटी ने साक्षात्कार लिए थे। उसके बाद नाम तय कर दिए। समारोह में कुल 196 मेडल दिए जाएंगे।

जरूरतमंद बच्चों के लिए शुरू करूंगा निशुल्क कोचिंग

लवि से बी.एससी. मैथ्स और एम.ए. लोक प्रशासन की डिग्री ली। आउटस्टैंडिंग सर्विस के लिए 2021 में एनसीसी सीएम गोल्ड मेडल और एडीजी एनसीसी मेजर जनरल राकेश राणा से भी अवार्ड मिल चुका है। कोविड में एक्सरसाइज एनसीसी योगदान कार्यक्रम बलाकर लोगों को जागरूक किया हमेशा हास्टल के नए छात्रों की प्रवेश, छात्रवृत्ति सहित अन्य समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करवाया। एनएससस की एक्टिविटी में सक्रिय रहा। प्रोवोस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री का हमेशा सहयोग रहा। एक छात्र के रूप में एक्स्ट्राकिरुलर के साथ एकेडमिक भी अच्छा रहा। अभी सिविल सेवा की तैयारी कर रहा हूं। भविष्य में एसोसिएशन बनाकर फ्री आवासीय कोचिंग के जरिए गरीब बच्चों को भी इसकी तैयारी कराने की योजना है। पापा जितेंद्र सिंह जेई और माता कृष्णा सिंह गृहिणी हैं। -**आयुष चौहान,** चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फार सर्विस।

पढ़ाई के साथ करें अपने सपनों को पूरा

मैंने लोरेटो कोन्वेंट से 12वीं करने के बाद दिल्ली के लेडीश्री राम कालेज से बी.ए. आनर्स मनोविज्ञान की पढ़ाई की। फिर लवि से 79.58 प्रतिशत अंकों के साथ एम.ए. मनोविज्ञान की डिग्री ली। 11वीं क्लास में ही मैंने इसे शुरू कर दिया था। देश के कई जगह शो कर चुकी हूं। इंस्टाग्राम पर 'द टिकिंग पेन' नाम से पेज बना रखा है, जिस पर एक लाख 75 हजार ज्यादा फालोअर हैं। मैं यह संदेश देना चाहती हूं कि पढ़ाई की वजह से अपने सपनों को पीछे न छोड़ें। दोनों ही साथ में पूरा कर सकते हैं। मेरे पापा डा. नीरज जैन लवि में प्रोफेसर आफ एमिनेंट और ममी डा. अल्पना बाजपेयी क्रिश्चियन कालेज में इतिहास की शिक्षिका हैं। मनोविज्ञान विषय के साथ मैं आगे भी वहानियां सुनाना और कविताएं लिखना जारी रखूंगी। -**अनुष्का जैन,** चांसलर गोल्ड मेडल।

वर्दी पहनने को ज्वाइन की एनसीसी

रायपुर छत्तीसगढ़ से 10वीं, 12वीं की पढ़ाई की। अभी लखनऊ विश्वविद्यालय में बी.ऐम पांचवें सेमेस्टर की छात्रा हूं। एनसीसी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप, लखनऊ रिपब्लिक डे कैंप सहित बहुत सी गतिविधियों में प्रतिभाग किया। पुरस्कार भी मिले, लेकिन पहली बार इतना प्रतिष्ठित मेडल मिलना बड़ी बात है। पापा बृजेश कुमार तिवारी यूपी पुलिस में एसएचओ और माता शिशु तिवारी गृहिणी हैं। उन्हें वर्दी पहने देखती हूं तो अच्छा लगता है। मेरा सपना है कि मैं भी वर्दी पहनूं। इसलिए एनसीसी ली और आर्ग रक्षा क्षेत्र में जाने के लिए सीडीएस की तैयारी भी कर रही हूं। इसकी पहली परीक्षा भी दी है। देश में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा और महिला सुरक्षा को लेकर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। -**अंशिका तिवारी,** वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी)

लवि : बीटेक और एमसीए में 100 सीटें खाली, प्रवेश आज

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय ने उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी)-2024 की काउंसिलिंग के बाद शुक्रवार को बी.टेक व एम.सी.ए कोर्स की खाली सीटों का विवरण जारी कर दिया। लवि में बी.टेक की सभी ब्रांचों व एम.सी.ए में निर्धारित 750 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 100 बची हैं। अब शनिवार को इन पर लवि सीधे मेरिट से प्रवेश लेगा।

बीए की तीसरी मेरिट जारी

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने बी.ए पाठ्यक्रम की तीसरी मेरिट जारी कर दी है। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग सात से नौ सितंबर तक होगी। फीस जमा करने का मौका भी नौ सितंबर तक दिया गया है। वहीं, एम.एससी फिजिक्स की मेरिट भी जारी कर दी गई है। इसकी काउंसिलिंग 10 सितंबर तक चलेगी।

ईंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि सीटवार विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/en/page/engineering-programmes पर अपलोड कर दिया गया है। मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। काउंसिलिंग सुबह 11 बजे से होगी।

कोर्स	कुल सीटें	खाली सीटें
बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग	75	15
बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (एआइ)	150	सात
बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग	225	10
बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	75	16
बी.टेक इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग	75	चार
बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग	75	10
एम.सी.ए	75	38

AMRIT VICHAR PAGE 8

दीक्षांत समारोह : विश्वविद्यालय ने जारी की तीन प्रमुख पदकों की सूची

अनुष्का को चांसलर और आयुष को मिलेगा चक्रवर्ती गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वां दीक्षांत समारोह 16 सितंबर को आयोजित होगा। दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले प्रमुख तीन मेडलों की सूची शुक्रवार को विश्वविद्यालय की ओर से जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार इस बार अनुष्का जैन को चांसलर गोल्ड मेडल, आयुष चौहान को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस और कैडेट अंशिका तिवारी को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) के लिए चुना गया है।

दीक्षांत में कुल 196 पदकों के लिए मेधावियों के नामों की घोषणा की गई है। छात्र-छात्राएं पदकों की पूरी सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। अस्थायी पदकों की सूची में शैलजा चौरसिया को 10 गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल देने का जिक्र है। वैष्णवी मिश्रा व रीमा चौधरी को नौ-नौ गोल्ड, जूली पटेल व हार्दिक गुप्ता को छह-छह गोल्ड, अर्पिता गोडिन, अर्पन शुक्ला, अनुराग सिंह को चार गोल्ड और निखिल सिंह, अर्शी श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, अदिति बाजपेयी, दिव्यांशी मिश्रा, शशांक शेखर पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, प्रिया मिश्रा, शिखर भारती को तीन-तीन स्वर्ण पदक वितरित किए जाएंगे।

लोगों का तनाव दूर करने की कोशिश

लखनऊ के केशव नगर की रहने वाली अनुष्का जैन को दीक्षांत में चांसलर गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा। अनुष्का अपने लक्ष्य के बारे में बताती हैं कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति तनाव में है। लोग आत्महत्या तक कर रहे हैं। हमने पढ़ाई के दौरान साइकोलॉजी में जो भी सीखा है उससे लोगों को तनाव मुक्त करने का प्रयास करती हूं। इसके लिए शोध कर रही हूं। इंस्टाग्राम पर हमने चैनल भी बनाया है। जिसमें लोगों को सुकून देने वाली मेरे द्वारा लिखीं कहानियां और कविताओं का संग्रह है। अब तक 1.75 लाख फॉलोअर भी ही चुके हैं। पिता डॉ. नीरज जैन लखनऊ विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हैं। मां डॉ.अल्पना वाजपेयी क्रिश्चन कॉलेज में प्रोफेसर हैं। बड़ी बहन अपर्णा जैन एक निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए करना है काम

गोमतीनगर की रहने वाली अंशिका तिवारी को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) के लिए चुना गया है। अंशिका के पिता बृजेश तिवारी यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर और मां शिशु तिवारी गृहिणी हैं। बड़ा भाई अर्पित प्राइवेट जॉब कर रहा है। बहन अल्पना तिवारी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहीं हैं। अंशिका का कहना है कि वह महिला सशक्तिकरण पर काम करेंगी, जिससे उनकी समस्याएं दूर हो सकें। महिलाएं अत्याचार का शिकार हो रहीं हैं। जागरूकता की कमी के कारण आज भी ज्यादातर महिलाएं अपने अधिकारों को नहीं जानती। कई मामले ऐसे भी देखने को मिलते हैं कि महिलाओं का शोषण घर परिवार के ही लोग करते हैं। वह चाह कर भी आवाज नहीं उठा पाती।

सिविल सर्विसेज में जाकर लाना है बदलाव

चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस के लिए चुने गए कुंडा प्रतापगढ